प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001

**Department of Communication**, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

10 मई 2021

**रिज़र्व बैंक ने श्री जोस जे. कट्टूर को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया**

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री जोस जे. कट्टूर को 4 मई 2021 से कार्यपालक निदेशक (ईडी) के रूप में नियुक्त किया है।

ईडी के रूप में पदोन्नति से पूर्व, श्री जोस जे. कट्टूर कर्नाटक के क्षेत्रीय निदेशक के रूप में रिज़र्व बैंक के बेंगलुरु क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख थे।

श्री कट्टूर ने तीन दशकों में, संचार, मानव संसाधन प्रबंध, वित्तीय समावेशन, पर्यवेक्षण, मुद्रा प्रबंध और रिज़र्व बैंक में अन्य क्षेत्रों में कार्य किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में श्री कट्टूर मानव संसाधन प्रबंध विभाग, कॉर्पोरेट कार्यनीति और बजट विभाग तथा राजभाषा विभाग का कार्यभार संभालेंगे।

श्री कट्टूर के पास सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (सीएआईआईबी) सहित पेशेवर योग्यता अर्जित करने के अलावा इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट, आनंद से स्नातकोत्तर और गुजरात विश्वविद्यालय से विधि स्नातक (बैचलर ऑफ लॉ) और व्हार्टन स्कूल ऑफ बिजनेस, पेनसिल्वेनिया से एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम (एएमपी) की योग्यता है।

**(योगेश दयाल)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी**: **2021-2022/189**